हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 22 फरवरी 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल| नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर| कायथा



06 सख्ती: जिम्मेदारों की पगार काटने, वेतन वृद्धि...





09 सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित विद्यार्थियों...




## खबर संक्षेप में

### शिव तोडा चौमा में शबरी जयंती पर भिलाला समाज निकलेगा चल समारोह

**कानड़।** ग्राम शिव तोडा चौमा में 22 फरवरी को माता शबरी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। इस अवसर पर समस्त भिलाला समाज द्वारा चल समारोह निकला जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि चल समारोह की शुरुआत सुबह 10.30 सुबह बजे से होगी। चल समारोह में माता शबरी की झांकी, पारंपरिक लोक नृत्य और भजनों की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण रहेगी। यह यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए मंगलनाथ महादेव मंदिर शिव तोडा पर संपन्न होगी। भिलाला समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों के अनुसार इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को एकजुट करना और माता शबरी के भक्ति मार्ग व आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना है। आयोजन को सफल बनाने समाज के युवा और मातृशक्ति ज़ोर-शोर से तैयारियों में जुटे हैं।

### शासकीय महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया

**नलखेड़ा।** सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ एवं स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ अंतर्गत प्राचार्य डॉ जीएल रावल की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ संतोष कुमार कुमावत ने मातृभाषा दिवस पर व्याख्यान दिए। प्राचार्य डॉ रावल ने मातृभाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुखदेव बैरागी ने किया एवं आभार डॉ प्रेरणा पाठक ने व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ सचिन शर्मा सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### 16 लीटर कच्ची मदिरा और 330 किलो महुआ लाहन जब्त किया

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण, संग्रहण, परिवहन और विक्रय के विरुद्ध लगातार कार्यवाहियां की जा रही है। इसी क्रम में आबकारी विभाग द्वारा सीहोर जिले के ग्राम फांगिया, ब्रिजिसनगर एवं बावड़िया चोर में दबिश दी गई और आबकारी अधिनियम के तहत 07 प्रकरण दर्ज कर लगभग 16 लीटर कच्ची मदिरा एवं 330 किलों महुआ लाहन जब्त किया गया। जिसका अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 36400 रूपये है। जिला आबकारी अधिकारी दीपसिंह राठौर ने बताया कि यह कार्यवाही आबकारी उपनिरीक्षक माधव कुण्डल, आबकारी आरक्षक प्रियवंदना पाण्डे, प्रियंका यादव एवं नगर सैनिकों द्वारा की गई।

### गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 7 मार्च तक होगा

**सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 7 फरवरी से प्रारंभ हो गया है, जिसकी अंतिम तिथि 7 मार्च निर्धारित की गई है। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित अधिकारियों से सभी पात्र किसानों का पंजीयन करने के निर्देश दिए हैं। खाद्य विभाग द्वारा जारी निर्देशानुसार सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान केवल सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं में स्थापित पंजीयन केंद्रों पर ही पंजीयन करा सकेंगे। जारी निर्देशानुसार वनाधिकार पट्टाधारी किसानों का वन पट्टा तथा सिकमी, बटाईदार किसानों का सिकमी, बटाई अनुबंध 2 फरवरी 2026 से पूर्व का पंजीकृत होना अनिवार्य होगा। पंजीयन के दौरान ई-उपार्जन पोर्टल पर मूल भू-स्वामी की सहमति, आधार नंबर एवं अन्य आवश्यक जानकारी दर्ज की जाएगी। ओटीपी सत्यापन के पश्चात ही पंजीयन मान्य होगा। पंजीयन केंद्र पर किसानों को आधार कार्ड, आधार से पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं सिकमी/बटाई अनुबंध की प्रति साथ लाना आवश्यक होगा। प्रस्तुत दस्तावेजों को ऑपरेटर द्वारा स्कैन कर ई-उपार्जन पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

### अभा यादव महासभा की प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

# दिखावे की परंपराएं समाज को आर्थिक रूप से कमजोर करती हैं : डॉ. यादव





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर मध्यप्रदेश की प्रदेश स्तरीय प्रथम कार्यकारिणी बैठक एवं श्रीकृष्ण विचारों का फागोत्सव शनिवार को गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने भाग लिया। बैठक का केंद्रबिंदु सामाजिक उत्थान, संगठन सुदृढ़ीकरण एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन का संकल्प रहा। बैठक के पूर्व फागोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें समाजजनों द्वारा फूलों से होली खेली गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक यादव (जयपुर) ने अपने संबोधन में कहा कि समाज तभी सशक्त होगा जब हम शिक्षा, संगठन और संस्कार इन तीन स्तंभों को मजबूत करेंगे। मृत्युभोज, आडंबरपूर्ण खर्च और दिखावे की परंपराएं समाज को आर्थिक रूप से कमजोर करती हैं। इन्हें समाप्त कर सामूहिक विवाह जैसे सादगीपूर्ण आयोजनों को बढ़ावा देना समय की मांग है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक नेतृत्व में आगे आने का आह्वान किया।

विशेष अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रिटायर्ड ब्रिगेडियर करतार सिंह (रेवाड़ी हरियाणा) ने कहा कि अनुशासन, एकता और राष्ट्रभक्ति हमारी पहचान होनी चाहिए। समाज में शिक्षा का स्तर बढ़ेगा तो स्वतः ही कुरीतियां समाप्त होंगी। हमें सैनिकों के सम्मान और युवाओं को सेना व अन्य सेवाओं में प्रेरित करने पर भी कार्य करना होगा। उन्होंने धर्मशाला निर्माण के लिए 11 हजार रुपए की सहयोग राशि प्रदान करते हुए कहा कि सामाजिक ढांचा मजबूत होगा तो संगठन की जड़ें भी सुदृढ़ होंगी। प्रदेश कार्यवाह अध्यक्ष देवी सिंह यादव ने कहा कि समाज को आर्थिक और शैक्षणिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए छात्रावास, कोचिंग सहायता एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने चाहिए। प्रदेश संगठन मंत्री रामगोपाल यादव ने ग्राम स्तर पर इकाइयों के गठन और सामाजिक संवाद बढ़ाने पर बल दिया।

समाज मीडिया प्रभारी कनीराम यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में मृत्युभोज पर रोक लगाने, विवाह सम्मेलनों में अधिक से अधिक जोड़ों का सामूहिक विवाह कराने, बालिका शिक्षा को प्राथमिकता देने तथा सामाजिक समरसता को मजबूत करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। आगर में प्रस्तावित धर्मशाला निर्माण को लेकर भी रणनीति तय की गई। समाजजनों ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया तथा अहीर रेजिमेंट की पुरानी मांग को पुनः मजबूती से उठाने का आग्रह किया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बाबुलाल यादव, करण सिंह यादव, कार्यक्रम संयोजक प्रेम नारायण यादव, भैरूसिंह यादव, हरिनारायण यादव द्वारा समाज सुधार पर प्रकाश डाला गया गया। इस दौरान उपस्थित पूर्व सैनिकों का शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। बैठक के पूर्व फागोत्सव का आयोजन हुआ जिसमें फूलों की होली खेलकर श्रीकृष्ण के आदर्शों प्रेम, भाईचारा और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बाबूलाल यादव खेरिया, जिला महामंत्री व संगठन प्रभारी भेरूसिंह यादव, युवा महासभा जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह यादव, संजीव कुमार यादव (आंध्रप्रदेश), तहसील अध्यक्ष सुंदरलाल यादव, शिवनारायण यादव, रामेश्वर यादव, कालुसिंह यादव, नगर अध्यक्ष कृष्णसिंह यादव, युवा तहसील अध्यक्ष देवेंद्र यादव, भागीरथ यादव, राधेश्याम बड़ोद, पवन यादव, नवीन यादव, लखन यादव सहित 52 गांवों से बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम सामाजिक जागरूकता, संगठनात्मक मजबूती और सुधारात्मक संकल्पों के साथ सम्पन्न हुआ।

### कल निकाली जाएगी रथयात्रा

# प्राचीन मंडोदा पार्श्वनाथ मंदिर की वर्षगांठ पर दो दिवसीय मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नलखेड़ा-सारंगपुर मार्ग पर स्थित जैन तीर्थ श्री मंडोदा पार्श्वनाथ जहां 534 वर्ष प्राचीन प्रतिमा विराजमान है, इस मंदिर की वर्षगांठ के अवसर पर दो दिवसीय मेले का आयोजन 22 व 23 फरवरी को होगा। जिसमें मंदिर में पूजन अभिषेक के साथ विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत परमात्मा की रथ यात्रा सोमवार को निकाली जाएगी। मालवा का प्रसिद्ध जैन तीर्थ मंडोदा जहां प्रकट प्रभावी, चमत्कारी, देवाधिदेव श्री पार्श्वनाथ भगवान की नयनानंदकारी दिव्य एवं अलौकिक प्रतिमा विराजमान है। इस मंदिर की वर्षगाठ के अवसर पर दो दिवसीय आयोजन के तहत मंदिर में 22 फरवरी को सुबह की नवकारसी संजय बुरड़ की और से तथा सत्तरभेदी पूजन व शाम का स्वामीवात्सलय का कार्यक्रम मंडोदा पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक ट्रस्ट एवं ट्रस्टी गण मंडोदा तीर्थ की ओर से रखा गया है। मंदिर वर्षगांठ के इस आयोजन के तहत 23 फरवरी को सुबह की नवकारसी, गुरुदेव की पूजन व शाम का स्वामीवात्सलय का आयोजन संपूर्ण दिन के लाभार्थी स्वर्गीय सेठ हजारीमलजी -स्वर्गीय मनोरमा देवी, स्वर्गीय हेमराजजी- स्वर्गीय मुलीबाई, स्वर्गीय चिंतामणजी - स्वर्गीय कुसुमलता, स्वर्गीय विरेन्द्रजी, स्वर्गीय कमल सिंघवी की स्मृति में अरविंदकुमार अरुणकुमार सौरभ आनंद सिंघवी परिवार नलखेड़ा तथा सारंगपुर की ओर से रखा गया है। आयोजन के तहत सोमवार को दोपहर में मंदिर से परमात्मा की रथयात्रा निकाली जाएगी, जो प्रमुख मार्गो से होती हुई मंदिर पहुंचेगी जहां परमात्मा का कलशाभिषेक के साथ अन्य धार्मिक कार्यक्रम होंगे। सोमवार को ही ध्वजा का कार्यक्रम भी होगा इसके लिए सत्तरभेदी पूजन में ध्वजा के लाभार्थी परिवार के नाम की घोषणा की जाएगी। महोत्सव के दौरान मंदिर में परमात्मा की पूष्पों से मनमोहक अंगरचना भी की जाएगी। महोत्सव में विधिकारक पंकज जी चोपड़ा इंदौर विधि विधान के साथ सभी कार्यक्रम संपन्न करवाएंगे। वहीं प्रभु भक्ति की प्रस्तुति भी देंगे। आयोजन में सारंगपुर, शाजापुर, शुजालपुर, नलखेड़ा, आगर, अकोदिया, मोहना, बडोदिया, बड़ागांव सहित कई स्थान के श्री संघ द्वारा भाग लिया जाएगा।

### आगर, शाजापुर सहित कई जिलों में बारिश हुई

# मौसम में आया बदलाव : मावठे की बारिश से रबी की फसल पर छाए संकट के बादल



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

कुछ दिनों से मौसम में आए बदलाव के चलते आगर, शाजापुर सहित कई जिलों में गुरुवार शुक्रवार की दरमियान रात को बारिश हुई कहीं तेज तो कहीं बौछारें पड़ी। बेमौसम बारिश व मावठे ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। बारिश से खेतों में खड़ी रबी की फसल पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। गेहूं, चना और मसूर जैसी प्रमुख फसल पकने की अवस्था में हैं। ऐसे में मिट्टी में नमी बढ़ने से उत्पादन प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। किसान पुरूषोत्तम माली, लोकेश माली, सचिन माली, महेश पांडा, गौरीशंकर माली, रवि माली आदि किसानों का कहना है कि जनवरी के अंतिम सप्ताह में हुई ओलावृष्टि और बारिश से फसलों को पहले ही नुकसान पहुंच चुका है अब दोबारा मावठे की बारिश ने खेतों में पानी भर दिया है जिससे फसल गिरने का खतरा बढ़ गया है। विशेष कर चने की फसल में फली सड़ने और गेहूं में झुलसा रोग लगने के आशंका सता रही है। जिन किसानों ने समय से सिंचाई कर दी थी उनके लिए बारिश परेशानी का कारण बन गई है। लगातार बादलों की आवाजवी से धूप नहीं निकल पा रही है जिससे फसल सूख नहीं पा रही है।

### बच्चों को शिक्षा, खेलकूद व अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सहभागिता के लिए प्रेरित किया

# उड़ान संस्था में विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा






जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर-मालवा द्वारा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष डीएस चौहान की मंशा के अनुरूप नालसा की बच्चों के लिए विधिक सेवा इकाई योजनाओं के अंतर्गत उड़ान संस्था में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह संस्था पुष्पा कॉन्वेंट स्कूल में संचालित है। शिविर में अश्विनी सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आगर-मालवा द्वारा बच्चों के लिए संचालित मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजनाओं की जानकारी सरल एवं सहज भाषा में दी गई। उन्होंने बच्चों को गुड टच बैड टच, व्यक्तिगत सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया।

इस अवसर पर प्रियंका चौहान, व्यवहार न्यायाधीश द्वारा बच्चों को शिक्षा, खेलकूद एवं अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया तथा आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सचिव अश्विनी सिंह ने उपस्थितजनों को विधिक सेवा प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। शिविर में उड़ान संस्था की अनीता राठौड़ सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे। विधिक जागरूकता शिविर से बच्चों एवं शिक्षकों में कानून संबंधी जानकारी, अधिकारों की समझ तथा सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ी।

### भोपाल नाका चौराहा पर होगी प्रतिमा स्थापित

# आज होगा राजा भोज की प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नगर के भोपाल नाका चौराहे पर 22 फरवरी को दोपहर 12 बजे परमार वंश के महान शासक राजा भोज की प्रतिमा का भव्य अनावरण किया जाएगा। यह कार्यक्रम सीहोर नगर पालिका परिषद एवं समस्त परमार समाज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन को लेकर पिछले 15 दिनों से लगातार तैयारियां चल रही हैं और समाजजन घर-घर जाकर निमंत्रण पत्र वितरित कर रहे हैं।

कार्यक्रम में जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। इसके अलावा शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय तथा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर सहित सीहोर व शाजापुर जिले से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और समाजजन शामिल होंगे। भोपाल नाका चौराहे पर स्थापित की जा रही राजा भोज की प्रतिमा प्रदेश के गौरव और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक मानी जा रही है। आयोजकों का कहना है कि राजा भोज ने अपने शासनकाल में शिक्षा, संस्कृति, जल प्रबंधन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए थे। उनकी प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को सेवा, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति के आदर्शों की प्रेरणा देती रहेगी। प्रतिमा स्थापना के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने पर परमार समाज द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के प्रति आभार भी व्यक्त किया जाएगा। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए मंच, स्वागत द्वार, सजावट और सुरक्षा व्यवस्था की विशेष तैयारियां की गई हैं।

अनावरण समारोह के पश्चात मुरली स्थित राजा भोज मैरिज गार्डन में समाजजन एवं आमंत्रित अतिथियों के लिए स्नेह भोज का आयोजन किया जाएगा। वार्ड 7 के पार्षद हेमलता विजेंद्र परमार और आयोजन के व्यवस्थापक व समिति के सदस्य विमल परमार ने नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में परिवार सहित उपस्थित होकर प्रदेश के लाल राजा भोज की प्रतिमा के लोकार्पण कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# सुबह रिमझिम बारिश से मौसम में घुली ठंडक, छाए बादल



**सीहोर।** जिले में पिछले दो दिनों से मौसम में बदलाव देखा जा रहा है। लगातार दो दिन की गर्मी के बाद, शुक्रवार को सुबह से आसमान पर काले बादल छाए रहे और रिमझिम बारिश हुई। जिले का न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। बीते चार दिनों के दौरान, सीहोर में तापमान 12 से 19 डिग्री सेल्सियस के आसपास केंद्रित रहा है। फरवरी माह का तीसरा सप्ताह चल रहा है और मौसम पहले सप्ताह की तुलना में लगातार विपरीत बना हुआ है।

**तीन दिन रोज सुबह बारिश हुई :** फरवरी के पहले सप्ताह में जहां घना कोहरा और कड़ाके की ठंड का सामना लोगों ने किया था, वहीं दूसरे सप्ताह में रात के तापमान में लगातार गिरावट देखने को मिली थी। तीसरे सप्ताह की शुरुआत में तेज धूप के कारण लोगों को दोपहर में गर्मी का एहसास होना शुरू हुआ था, लेकिन परसों रात से मौसम का मिजाज बदल गया। आज सुबह 9 बजे तक सूरज नहीं निकला बादल छाए रहे। बुधवार रात के बाद गुरुवार सुबह और शुक्रवार सुबह भी हल्की बारिश हुई, जिससे लोगों को ठंड का एहसास हुआ।

**खबर संक्षेप**

## जिला चिकित्सालय में अग्नि सुरक्षा पर मॉक ड्रिल का आयोजन

**देवास।** जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह विभाग भोपाल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के परिपालन में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत जिला चिकित्सालय के सभाकक्ष में टेबल टॉप एक्सरसाइज से हुई, जिसमें संभावित अग्नि दुर्घटना की स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की रणनीति पर चर्चा की गई। इसके पश्चात जिला चिकित्सालय परिसर में अग्नि सुरक्षा संबंधी मॉक ड्रिल का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया, जिसमें आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों का सजीव प्रदर्शन किया गया। मॉक ड्रिल में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परियोजना अधिकारी स्मिता रावल उपस्थित रहीं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए सफल आयोजन हेतु बधाई दी और कहा कि इस प्रकार के अभ्यास कार्यक्रम आपदा के समय त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, एसडीईआरएफ, होमगार्ड, नगर निगम, सिविल डिफेंस, सुरक्षा स्टाफ तथा आमजन सहित लगभग 100 प्रतिभागियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। जिला अस्पताल में किए गए मॉक ड्रिल के माध्यम से आगजनी जैसी आपात स्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों की तत्परता, समन्वय और संसाधनों की उपलब्धता का प्रभावी परीक्षण किया गया।

### संकल्प से समाधान अभियान व हितग्राहीमूलक योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

# सख्ती: जिम्मेदारों की पगार काटने, वेतन वृद्धि रोकने और नोटिस देने के दिए निर्देश

बैठक में कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेन्स से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं की समीक्षा की।



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

संकल्प से समाधान अभियान एवं विभिन्न विभागों द्वारा संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, डीएफओ अमित सिंह, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने ''संकल्प से समाधान अभियान'', रोजगार संबंधित योजनाओं, हितग्राहीमूलक योजनाओं में आने वाली बैंकों से संबंधित समस्याओं, बैंकों द्वारा विभिन्न योजनाओं में किये गये रिजेक्शन प्रकरणों, प्रधानमंत्री आवास योजना, एनआरएलएम अंतर्गत बैंक लिंकेज (सीसीएल), पीएम विश्वकर्मा, वन विभाग के लंबित निर्माण कार्यों, वनाधिकार तथा वन पट्टाधारी लोगों को शासकीय योजना का लाभ दिलाने एवं कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेन्स से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं की समीक्षा की।

कलेक्टर ने 'संकल्प से समाधान अभियान' की समीक्षा कर निर्देश दिये कि अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण कर शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाये। उन्होंने विभागवार योजनाओं की समीक्षा की और प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि अभियान के तहत कलस्टर बनाकर शिविर लगाये एवं पात्र हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रमाण-पत्र दिलाया जाये। नगर परिषद बागली, पीपलरावां, लोहारदा, सतवास, करनावद में अभियान के तहत कार्य नहीं किये जाने पर संबंधित सीएमओ की दो-दो वेतन वृद्धि रोकने एवं मॉनिटरिंग नहीं करने पर पीओ डूडा को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।सिंह ने कहा कि 'संकल्प से समाधान अभियान' में जिले की सभी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों का जाति प्रमाण-पत्र बनाया जाये। अभियान के तहत सीएचओ और आंगनवाडी कार्यकर्ता घर-घर जाकर 70 प्लस आयु के नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाये। 'संकल्प से समाधान अभियान' के तहत स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का लाभ नागरिकों को नहीं दिलाने एवं अभियान में निराशाजनक प्रगति पर जिले की सभी सीएचओ और आंगनवाडी सुपरवाईजरों का 10-10 दिन का वेतन काटने, सोनकच्छ बीएमओ की दो वेतन वृद्धि रोकने, सभी बीएमओ को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।सिंह ने नगर निगम को निर्देश दिये कि नगर निगम क्षेत्र में सभी वार्डो में घर-घर जाकर अभियान के तहत पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाये। उन्होंने डॉग बाईट एवं आवारा मवेशियों के प्रबंधन के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी दिये। उल्लेखनीय है कि संकल्प से समाधान अभियान चार चरणों में चलाया जा रहा है। जिसके तहत प्रथम चरण ( 12 जनवरी से 15 फरवरी ) में ग्राम पंचायत/नगरीय वार्ड स्तर पर समितियां गठित कर घर-घर जाकर या शिविरों के माध्यम से आवेदन/शिकायतें एकत्र की गई। द्वितीय चरण (16 फरवरी से 16 मार्च 2026) में क्लस्टर/जोन स्तर पर शिविर आयोजित कर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। तृतीय चरण (16 मार्च से 26 मार्च 2026) में विकासखंड/ब्लॉक स्तर पर शेष आवेदनों का समाधान, जहां नगर पालिका/पंचायत साथ हों, वहां संयुक्त शिविर लगाए जाएंगे। चतुर्थ चरण (26 मार्च से 31 मार्च 2026) में जिला स्तर पर अंतिम शिविर में शेष आवेदनों का निराकरण और हितलाभ वितरण किया जाएगा।

कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेन्स से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं की समीक्षा कर कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि जिले में शासकीय विभागों में चल रहे 15 वर्ष से अधिक पुराने सभी शासकीय वाहनों स्क्रेप कराया जाये। समग्र ई-केवायसी की जानकारी ली, जिसमें खातेगांव एवं कन्नौद में ई-केवायसी में प्रगति नहीं होने पर संबंधित सचिव पर कार्यवाही के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा शत प्रतिशत शिकायतों को निराकृत करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने बिना अनुमति के बैठक में अनुपस्थित रहने पर जीएमडीआईसी का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

# औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने हिट एंड रन मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**ऑपरेशन 'त्रिनेत्रम' की मदद से पकड़ा आरोपी**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने "हिट एंड रन" मामले मे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को यह सफलता ऑपरेशन 'त्रिनेत्रम' के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर मिली है। 07 फरवरी को चुनाखदान क्षेत्र में अज्ञात वाहन द्वारा 22 वर्षीय सुमित पिता जीवनसिंह बाडवाल को टक्कर मार दी गई थी, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई थी।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा उक्त फरार आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। एएसपी जयवीरसिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल एवं आसपास के के 50 से अधिक सीसीटीव्ही फुटेज का विश्लेषण किया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दुर्घटना में प्रयुक्त पीकअप वाहन क्रमांक MP41GA0328 की पहचान की गई। वाहन स्वामी से पूछताछ उपरांत आरोपी मुकेश पिता मांगीलाल बगाना उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम लसुडिया ब्राह्मण हाल मुकाम चुनाखदान को गिरफ्तार किया गया । आरोपी के कब्जे से दुर्घटना में प्रयुक्त पीकअप वाहन एवं उससे संलग्न मिक्सर मशीन जप्त की गई है। पुलिस कार्यवाही के दौरान आरोपी द्वारा सार्वजनिक रूप से दादागिरी एवं कानून के प्रति अनादर प्रदर्शित करने पर पुलिस द्वारा धारा 170 बीएनएसएस के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया ।

उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया प्र.आर शांतिलाल एवं आर अजय जाट की विशेष भूमिका रही।

## कांग्रेस में हुई नियुक्ति, गुप्ता अध्यक्ष और हरोडे को समन्वयक अध्यक्ष पद मिला



**देवास।** इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी की अनुशंसा पर सोशल मीडिया एवं आईटी सेल प्रदेशाध्यक्ष चंचलेश व्यास द्वारा देवास विधानसभा में कमलेश गुप्ता को विधानसभा अध्यक्ष व दिपेश हरोडे दिपू को देवास शहर समन्वयक अध्यक्ष नियुक्त किया। गुप्ता व हरोड़े के मनोनयन पर सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त कर चामुण्डा काम्पलेक्स पर पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान जिला शहर अध्यक्ष प्रयास गौतम, ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी, वरिष्ठ नेता भगवान सिंह चावडा, रमेश व्यास, हारिज गजधर, सुजीत सांगते, राजा पडियार, ब्लॉक अध्यक्ष प्रतिक शास्त्री, रूपेश कल्याणे, नीरज नागर, इशान राणा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अनिल गोस्वामी, दिलीप सिंह सोलंकी, प्रतिक शास्त्री, शाहीद खान, अजय सिंह रघुवंशी, जाहिद खान, डॉ. मंसूर शेख, पं. रितेश त्रिपाठी, धीरज कल्याणे, जितेन्द्र सिंह गौड, गौरव जोशी, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, सिद्धार्थ माहूरकर, सुलोचना कोटडिया, मनोज नायक, अजय सिंह राजोदा, वंदना पाण्डे, दिग्विजय सिंह झाला, पवन श्रीवास्तव, गुरूचरण सलुजा, राजेन्द्र बेदी, राजेश राठौड, सुधीर शर्मा, जितेन्द्र सिंह मोंटू, शाबाज शेख, जगदीश चौहान, अमित पाण्डे, इफ्तियार शेख, ज्ञानसिंह दरबार, मलखान सिंह देवडा आदि ने स्वागत कर बधाई दी।

## पीएम रिपोर्ट के बाद हुआ खुलासा, अज्ञात व्यक्ति की हुई थी हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**चापडा।** पुलिस थाना कमलापुर क्षेत्रांर्गत ग्राम खेड़ाखाल पालिया महाराज के पीछे जंगल में 25 जनवरी को एक अज्ञात पुरुष का शव एक सागोन के पेड़ के नीचे भुरे रंग की शाल से ढका हुआ मिला था। अज्ञात मृतक ने सफेद चौकड़ीदार शर्ट तथा नीले रंग का लोवर पहने था। पीएम रिपोर्ट के अनुसार सीधे हाथ की कलाई पर हिंदी में मांगीलाल गुदा हुआ है। उंचाई करीब 5.6 फुट बदन सामान्य है। थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि उक्त अज्ञात पुरुष के संबंध में किसी थाना पर कोई सूचना जानकारी अथवा गुमशुदगी दर्ज हो तो कमलापुर थाना पर सूचित कर सकते हैं। मीणा ने बताया कि उक्त अज्ञात पुरुष का थाना कमलापुर जिला देवास में मर्ग क्र. 05/2026 धारा 194 बीएनएसएस का पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है। जांच के दौरान मृतक अज्ञात की पीएम रिपोर्ट प्राप्त की गई जिसमें चिकित्सक द्वारा लेख किया है कि मृतक को मृत्यु के पूर्व किसी कठोर वस्तु से कपाल आवरण पर अंदरुनी चोट पहुँचाई गई जिससे मृतक की मृत्यु हुई है। अतः पीएम रिपोर्ट एवं मर्ग कायम कर जाँच में आए तथ्यों के आधार पर पाया कि मृतक अज्ञात पुरुष उम्र 35-40 साल की हत्या किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा किसी ठोस वस्तु से प्रहार कर की गई है।

# मेले में क्रिकेट प्रतियोगिता का किया समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



नगर में चल रहे 10 दिवसीय मेले के दौरान आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हुआ। क्रिकेट प्रतियोगिता में लगभग 16 टीमों ने भाग लिया। जिसमें ग्वालियर, भोपाल, आष्टा, देवास, उज्जैन, इंदौर ,शाजापुर, टोंकखुर्द, हाटपिपलिया, सोनकच्छ, बडनगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से कई टीमों ने भाग लिया। शनिवार को हुए मैच में इंदौर और भोपाल के बीच में फाइनल मुकाबला हुआ जिसमें भोपाल एमजी,एचएम एकता व इन्दौर नरेंद्र इलेवन के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। प्रथम विजेता एमजी एचएम भोपाल रही, जिसे 2 लाख रुपए एवं द्वितीय पुरस्कार इंदौर नरेंद्र इलेवन को 1 लाख रूपए का नगद पुरस्कार नगर परिषद भौरासा द्वारा दिया गया। फाइनल के मैन ऑफ द मैच घनश्याम यादव भोपाल रहे। जिन्हें नगर परिषद द्वारा 11000/ हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। वहीं मैन ऑफ द सीरीज आशीष गौतम इंदौर को 5100/ सौ रुपए का पुरस्कार दिया गया। मैच की कॉमेंट्री प्रमोद पालीवाल,शैलेंद्र ठाकुर, राज राठौर, मनीष ठाकुर स्कोरर लक्की बाबा के द्वारा की गई व एंपायर शिप युवराज सिंह राजपूत व तबरेज शेख, राहुल जादव के द्वारा की गई।इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, नगर परिषद सीएमओ सविता सोनी, पार्षद सचिन यादव ,राजेंद्र यादव, अबरार गांधी, संदीप चावड़ा, मुकेश कुमावत कैलाश सिंह ठाकुर, मौसम माली, विनायक माली, गब्बर ठाकुर ,पवन जायसवाल, अमित चौधरी, निखिल राठोर ,अंकित ठाकुर ,घोटिया ठाकुर, आदि व पार्षदगण एव समस्त नगर परिषद के कर्मचारियों ने इस सफल आयोजन के लिए नगर वासियों का व बाहर से आई टीमों का आभार माना।

# आगामी पर्व और त्यौहारों को लेकर कमलापुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



पुलिस थाना कमलापुर परिसर में नगर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवी आदि की उपस्थिति में शांति समिति की विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना और बोर्ड परीक्षाओं के दौरान शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना तथा आगमी त्योहारों को सौहार्दपूर्ण ढंग से मानने को लेकर समन्वय स्थापित करना रहा।

बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी मीणा ने कहा कि वर्तमान में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं संचालित हो रही है साथ ही आगामी शुक्रवार से पांचवी और आठवीं की बोर्ड परीक्षाएं भी प्रारंभ होने जा रही है ऐसे संवेदनशील समय में विद्यार्थियों के लिए शांत वातावरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से विवाह समारोह में और अन्य आयोजनों में डीजे लाउडस्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तारित यंत्रों का उपयोग निर्धारित मानको के अनुरूप और सीमित ध्वनि स्तर पर करने की अपील की ताकि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

प्रशासन विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर गंभीर है और यदि नियमों का उल्लंघन कर अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण किया गया तो नियम अनुसार कार्रवाई भी की जाएगी। साथ ही उन्होंने उपस्थित नागरिकों से अपील की है कि वह स्वयं भी जागरूक रहे और दूसरों को भी नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। बैठक में आगामी त्योहारों होली, धुलेंडी, शीला सप्तमी एवं ईद रमजान को लेकर भी चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने कहा कि सभी पर्व आपसी भाईचारे सौहार्द और शांति के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान ना दें और सोशल मीडिया पर अपुष्ट संदेशों को आगे ना बढ़ाएं। बैठक के दौरान नागरिको ने अपने-अपने सुझाव रखें और प्रशासन को पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया। वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण चौधरी, आशिक कामदार, श्याम सिंह राजपूत, गिरधर परमार, कलन खां पठान, हैदर शाह, राजेश बेनीवाल, मनोज कानूनगो, शुभम गोस्वामी, पुष्पेंद्र सिंह, राजपूत, अमीन कुरैशी आदि मौजूद रहे।

### निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के संबंध में कलेक्टर ने ली बैठक

# देवास जिले में 11 लाख 90 हजार 317 मतदाता





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत शनिवार को फोटो निर्वाचक नामावली की अंतिम प्रकाशन जिले की सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों में किया गया।

जिला स्तर पर सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के लिए जिला स्तरीय बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अंतिम प्रकाशित नामावली की फोटो रहित सूची की सीडी एवं फोटो युक्त सूची की मुद्रित प्रति प्रदाय की गई । बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शोभाराम सोलंकी, तहसीलदार देवास सपना शर्मा, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में ओम जोशी, मनोहर जाधव, डॉ. मंसूर शेख, दरियाव सिंह मालवीय उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि जिले की पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में प्रारूप निर्वाचक नामावली में 06 लाख 04 हजार 230 पुरूष, 05 लाख 74 हजार 220 महिला एवं 14 अन्य मतदाताओं सहित कुल 11 लाख 78 हजार 464 मतदाता दर्ज थे। दावे/आपत्तियों के निराकरण पश्चात कुल 17 हजार 869 नाम सम्मिलित हुए है तथा 6020 मतदाताओं के नाम निरसित किये गये है। अंतिम प्रकाशन में कुल 06 लाख 10 हजार 025 पुरूष, 05 लाख 80 हजार 278 महिला तथा 14 अन्य सहित कुल 11 लाख 90 हजार 317 मतदाता दर्ज है ।

निर्वाचक नामावली से कुल 445 मृत, 3673 स्थानान्तरित, 130 दोहरी प्रविष्टि तथा अन्य स्थानान्तरित 1771 प्रविष्टियों सहित कुल 6020 विवरण निरसित किये गये है । अंतिम प्रकाशन अनुसार जिले का मतदाता जनसंख्या अनुपात 60.96 तथा लिंगानुपात 951 हैं। कुल 1434 सेवा मतदाता की सूची पृथक से प्रकाशित की गई है । नामावली में कुल 9582 दिव्यांग मतदाता सम्मिलित है ।

# तृतीय वर्ष फागण माह की भव्य निशान यात्रा निकलेगी आज





हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नेवरी फाटा स्थित खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में आज फाग महोत्सव मनाया जाएगा। समिति द्वारा पूर्ण तैयारी कर ली गई है। बाबा का भव्य दरबार सजाया जाएगा।

साथ ही श्याम प्रेमियों पर इत्र व फूल वर्षा और गुलाल वर्षा भी होगी। समिति सदस्यों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी फाग महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा व श्याम प्रेमियों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी रखा गया है। इसी कड़ी में सोनकच्छ नगर से नेवरी फाटा धाम तक एक भव्य फाग निशान यात्रा भी निकाली जाएगी जिसका नेवरी फाटा धाम पहुंचने पर समिति द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। फाग यात्र में सोनकच्छ नगर से बडी संख्या में श्याम प्रेमी शामिल होंगे। फाग महोत्सव को लेकर क्षेत्र के गांव डकाच्या, पोलाय जागीर,बुधन गांव, मलेडिया, पांदा जागीर, सरसौदा, नाना, धारा खेड़ी, गुराडिया सहीत दर्जनो गांव से श्याम प्रेमी शमिल होंगे।

## खबर संक्षेप



### संतगाडगे महाराज जयंती कल मनेगी

**ललितपुर**। स्वच्छता के जनक माने जाने वाले संत गाडगे महाराज जी का 150वां जन्मोत्सव 23 फरवरी सोमवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय रजक महासंघ एवं समस्त रजक, श्रीवास समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष राहुल रजक नीलू ने बताया कि 23 फरवरी को सुबह 12:30 बजे से भव्य शोभायात्रा श्री तुवन मंदिर से प्रारंभ होकर डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पार्क तक पहुंचेगी, जहां मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ (मन्नू कोरी) तथा राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम में समाज के राष्ट्रीय, प्रदेश एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहेंगे। आयोजन समिति ने सभी समाजजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विभिन्न पदाधिकारियों और समाजसेवियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

### थायराइड की अब नियमित जांच हो रही

**ललितपुर**। विटामिन डी और थायराइड की जांच न होने से मरीज परेशान के बाद स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय प्रशासन हरकत में आ गया है। झांसी मंडल के आयुक्त के निर्देश पर मामले की जांच कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि पैथोलॉजी विभाग में स्थापित थायराइड जांच मशीन में तकनीकी खराबी आने के कारण कुछ समय के लिए जांच बाधित हो गई थी। अब मशीन को दुरुस्त कर दिया गया है और थायराइड की जांच पुनः शुरू कर दी गई है। बताया गया है कि विटामिन डी की जांच पैथोलॉजी विभाग में प्रतिदिन नियमित रूप से की जा रही है। 20 फरवरी 2026 को थायराइड की लगभग 80 जांचें की गईं, जबकि 24 फरवरी 2026 को अब तक करीब 50 जांचें पूरी की जा चुकी हैं। प्रशासन का कहना है कि वर्तमान में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर में विटामिन डी और थायराइड दोनों की जांच संचालित हो रही हैं।

### बानपुर टीम से तुवन सुपर किंग जीती

**ललितपुर** । जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा स्व राजेन्द्र जायसवाल (लल्लू भैया) की स्मृति में आयोजित भव्य प्रतियोगिता के तीसरे दिन मुख्य अतिथि हेमन्त जैन रोडा, अविरल जैन बिट्टू, महेन्द्र दुबे, राहुल दुबे सतेन्द्र सिंह बुन्देला, सोनू चौरसिया, अंकेश राजपूत, राना राजा बुन्देला, जितेन्द्र सिंह सेंगर, सुनील शर्मा वरिष्ठ पत्रकार, भान सिंह परमार, कृष्णकान्त साहू केके, सहित टूर्नामेन्ट अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, हरीबाबू शर्मा, संजीव जायसवाल (कालू), बृजमोहन संज्ञा, आदि शामिल हुये। मैच बानपुर चैम्पियन व तुवन सुपर किंग के मध्य खेला गया जिसमें पहले टॉस जीत कर बानपुर चैम्पियन ने बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और निर्धारित 20 ओवरों में 149 रन बनाये जिसमें बानपुर चैम्पियन के खिलाड़ी सौरभ राजा ने 39 रन, हसीन खान ने 28 रन का अहम योगदान दिया, तुवन सुपर किंग की तरफ से अच्छी गेंदबाजी करते हुये हर्ष ठाकुर ने 2 विकेट, विशाल वर्मा ने 02 विकेट हासिल किये, इसके बाद जबाब में उतरी तुवन सुपर किंग की टीम निर्धारित 20 ओवर में 149 रन का स्कोर बना कर रोमांचक मैच टाई हो गया। तुवन सुपर किंग की ओर से सर्वाधिक 53 रन अनमोल जैन चीनू ने, अभिनव तोमर ने 21 रन बनाये। बानपुर की तरफ से अच्छी गेंदबाजी करते हुये शिवम कुशवाहा ने 03 विकेट हॉसिल किये और सौरव राजा ने 2 विकेट लिये। इसके बाद सुपर ओवर खेला।

# युवा मोर्चा ने घंटाघर पर कांग्रेस का पुतला दहन कर नारेबाजी की

## एआई समिट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के अर्धनग्न प्रदर्शन पर बिफरे भाजपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारत मंडपम दिल्ली मे चाल रहे एआई समिट मे कांग्रेस के यूथ विंग कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वहां पर अवैध रूप से घुस कर अर्धनगन होकर भारत मे हो रहे नवाचारों नई तकनीकों के विरोध में ग्लोबल समिट मे घुस कर विरोध किया। वहां उपस्थित लोगों से मारपीट की, जिसके विरोध मे भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा कांग्रेस का पुतला फूंक कर विरोध जताया गया। वक्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार से उन्होंने यह देश विरोधी कार्य किया उसके लिए भारत का युवा और यह देश उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। पुतला दहन के दौरान युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रामकुमार कुशवाहा, हरेन्द्र बुंदेला, पीयूष बुंदेला, हर्ष चौबे, आकाश राजपूत, प्रिंस सेन, नितिन चौबे, राहुल साहू खिरिया, प्रिंस सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## गोपी दास वेद विद्या गुरुकुलम में श्रीमद भागवत कथा का छठवां दिन

# श्रीकृष्ण-रुक्मणि विवाह की झांकी व प्रस्तुति ने भाव-विभोर कर दिया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

श्री हनुमान धारा मंदिर स्थित गोपी दास वेद विद्या गुरुकुलम में पिछले छह दिनों से चल रही श्रीमद भागवत कथा के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मणि के विवाह का भव्य एवं भक्तिमय आयोजन संपन्न हुआ। विवाह की झांकी और संगीतमय प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। भागवत कथा व्यास महामंडलेश्वर राधा मोहन दास महाराज ने महारास के पंच अध्यायों का विस्तृत वर्णन करते हुए कहा कि महारास के पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं। जो भी भक्त भावपूर्वक इन गीतों का गायन करता है, वह भवसागर से पार हो जाता है और उसे वृंदावन की भक्ति सहज ही प्राप्त हो जाती है। महाराज श्री ने कथा में भगवान श्रीकृष्ण के मथुरा प्रस्थान, कंस वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण, उद्धव-गोपी संवाद, द्वारका स्थापना और रुक्मिणी विवाह प्रसंग का संगीतमय एवं भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवत प्राप्ति के लिए आस्था, विश्वास, निश्चय और परिश्रम आवश्यक हैं। जो श्रद्धालु प्रेमपूर्वक कृष्ण-रुक्मिणी विवाह उत्सव में शामिल होते हैं, उनकी वैवाहिक समस्याएं दूर होती हैं। जीव परमात्मा का अंश है, यह भाव जीवन को सार्थक बनाता है। महामंडलेश्वर ने बताया कि पूज्य गोपी दास जी महाराज की इच्छा के अनुरूप हनुमान धारा मंदिर परिसर में एक दिव्य संस्कृत गुरुकुल की स्थापना की गई है, जहां उनकी स्मृति में संस्कृत विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। विवाह की मंगल बेला पर भगवान वामन के पंडित आचार्य पंडित कमलेश शास्त्री रामानुज मिश्रा ने विधि-विधान के साथ आवाहित देवी-देवताओं का पूजन संपन्न कराया। मुख्य यजमान पंडित श्यामाकांत चौबे एवं वंदना चौबे ने श्रद्धा भाव से पूजन किया।

इस अवसर पर महंत कृष्णागिरी महाराज, ऊगर वाले महाराज, राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, पं. प्रभुदयाल शास्त्री, अजय तिवारी नीलू, मयंक बैध, माधव चौबे कान्हा, राजीव बबेले सप्पू, टिंकल हुण्डैत, हरिशंकर साहू, विवेक सडैया, प्रशांत शुक्ला, प्रियंक बैध, शिवम तिवारी, राजेश हवाई, संग्राम ग्वाला, भरत रावत, दिनेश पाठक, मनमोहन जड़िया, राजेश सोनी, प्रदीप चौबे, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, ओमप्रकाश तिवारी, जिला अध्यक्ष गौरव गौतम, सावंत यादव, डॉ. दीपक चौबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में माधव चौबे, अंकुश उपाध्याय, आनंद मोहन दुबे, राजाराम गोस्वामी, देवी पाराशर, मदन पुरोहित, संदीप ठाकुर, संदीप साहू, हर्ष चौबे, हरि कृष्ण शुक्ला, प्रदीप चतुर्वेदी, मुकेश चतुर्वेदी, शिवके चतुर्वेदी, दिलीप पस्तौर, भगवत शरण पांडे, आदित्य अभिषेक, आचार्य सुरमनी, अक्षय उपाध्याय, रोहित दुबे, प्रकाश नारायण दीक्षित, संदीप कटारे, गजेंद्र सिंह राजपूत, संदीप मिश्रा, संध्या बैध, अर्चना तिवारी, कैलाश, गोविंदा, शंकर, प्रकाश कुशवाहा, मेंबर मुकेश खटीक, विक्की खटीक, सुशील शुक्ला, पंकज ग्वाला, मदन पुरोहित, प्रिंस गोस्वामी, कौशलेंद्र राजा एवं जयशंकर द्विवेदी का विशेष सहयोग रहा।

## परिवहन मेले का आयोजन

# वाहन स्वामियों को दी व्यवस्था की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

परिवहन विभाग द्वारा लघु अवधि की श्रेणी के अंतर्गत एकमुश्त कर ढांचे के लागू होने के बाद एआरटीओ स्तर पर परिवहन कार्यालय में दो दिवसीय परिवहन मेले का आयोजन किया गया। यह मेला 20 व 21 फरवरी को सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में वाहन स्वामियों और आम नागरिकों ने भाग लिया। मेले में एआरटीओ (प्रशासन) तथा यात्री/मालकर अधिकारियों ने उपस्थित वाहन स्वामियों को व्यवसायिक वाहनों के एकमुश्त कर भुगतान एवं समायोजन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए जागरूक किया। अधिकारियों ने बताया कि इस व्यवस्था का उद्देश्य कर प्रक्रिया को सरल बनाना और वाहन स्वामियों को त्वरित सुविधा उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम के दौरान एकमुश्त कर व्यवस्था से संबंधित नियमों, कर निर्धारण की प्रक्रिया, कर गणना, भुगतान की विधि तथा समय-सीमा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही मेले में आए वाहन स्वामियों की समस्याओं का मौके पर नियमानुसार समाधान भी किया गया। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के मेले आगे भी आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक वाहन स्वामी इस जनहितकारी योजना का लाभ उठा सकें।

# स्वास्थ्य सेवा में गुणवत्ता सुधार को बढ़ावा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए विभागाध्यक्ष डा. रवि पचौरी एवं डा. सूरवीर ने नई दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित यकृत एवं पित्त विज्ञान संस्थान में आयोजित सारांश 2.0 सम्मेलन में भाग लेकर संस्थान का प्रतिनिधित्व किया। बताया गया कि यह सम्मेलन शैक्षणिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध और सुव्यवस्थित रहा, जिसमें साक्ष्य-आधारित विमर्श, उन्नत क्लिनिकल अपडेट्स तथा एसआरएमए विषय पर व्यापक चर्चा की गई।

वैज्ञानिक सत्रों में नवीन उपचार पद्धतियों, हालिया शोध उपलब्धियों और बहु-विषयक दृष्टिकोणों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। चिकित्सकों ने कहा कि सम्मेलन से प्राप्त ज्ञान और अनुभव से रोगी-सेवा की गुणवत्ता को और सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। ऐसी शैक्षणिक सहभागिता संस्थान की उत्कृष्ट चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान-आधारित अधिगम और नैदानिक दक्षता को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। डा. रवि पचौरी एवं डा. सूरवीर ने प्रधानाचार्य प्रो. डा. मयंक कुमार शुक्ला का आभार जताया।

## खनिज इंस्पेक्टर के ड्राइवर पर अवैध गुंडागर्दी का आरोप

# डंपर चालक से मारपीट कर 12 हजार मासिक एंट्री वसूलने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिले में अवैध खनन और कथित वसूली को लेकर एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। खनिज विभाग से जुड़े खनिज इंस्पेक्टर के ड्राइवर पर डम्फर चालक से मारपीट करने और हर महीने 12 हजार रुपये एंट्री के नाम पर वसूली करने के गंभीर आरोप लगे हैं। पीड़ित चालक ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

**12 हजार मासिक वसूली का आरोप**-पीड़ित डंपर चालक का आरोप है कि क्षेत्र में वाहन चलाने के लिए उससे नियमित रूप से हर महीने करीब 12 हजार रुपये की अवैध एंट्री मांगी जाती थी। चालक का कहना है कि इस बार निर्धारित रकम न दे पाने पर आरोपी ड्राइवर ने उसके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित ने खुद को गरीब परिवार से बताते हुए कहा कि लगातार हो रही वसूली से उसकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई थी।



### पहले भी उठती रही आवाज

स्थानीय लोगों के मुताबिक यह कोई पहली घटना नहीं है। पिछले कई दिनों से आरोपी ड्राइवर की कार्यशैली को लेकर शिकायतें सामने आ रही थीं। आरोप है कि संबंधित खनिज इंस्पेक्टर की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। विभागीय गतिविधियों की सूचना पहले ही बाहर पहुंचने की भी चर्चाएं क्षेत्र में जोर पकड़ रही हैं।

### पुलिस तक पहुंचा मामला

मारपीट की घटना के बाद पीड़ित चालक ने कोतवाली पहुंचकर लिखित तहरीर दी है और सुरक्षा के साथ सख्त कार्रवाई की मांग की है। संबन्धितों का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है और तथ्यों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामला तूल पकड़ता जा रहा है।

## शहीद चंद्रशेखर आजाद बलिदान दिवस

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अमर शहीद चन्द्र शेखर आजाद के बलिदान दिवस (27 फरवरी) के उपलक्ष्य में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ कर दी गई है। इसी क्रम में शनिवार को स्थानीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में स्थानीय कन्या पूर्व विद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाया गया, जहाँ बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक देवेन्द्र सिंह चौहान के निर्देशन में परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा प्रभारी महेश तिवारी, सह प्रभारी दूधलाल यादव तथा सहयोगी लक्ष्मी निरंजन और जितेन्द्र सेन ने व्यवस्थाओं का संचालन किया। कार्यक्रम में चन्द्र शेखर आजाद जन सेवा समिति के प्रमुख दिनेश विदुआ सहित रामशरण दीक्षित, नारायण राजा, प्रमोद सीरौठिया, आशुतोष चौधरी, सीताराम कुशवाहा, संजय मिश्रा, रामभरत निरंजन, राजेन्द्र रगोलया एवं रामचरन अहिरवार आदि उपस्थित रहे और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कन्या पूर्व विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं दिव्या पब्लिक स्कूल के कुल 97 छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

# बोलेरो की टक्कर से युवक गंभीर घायल, हालत नाजुक

**ललितपुर**। कोतवाली थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम छिल्ला निवासी रामेश्वर ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 4 फरवरी 2026 की रात करीब 8,30 बजे उनका पुत्र राहुल मोटरसाइकिल से अपने परिजनों को लेने जा रहा था। इसी दौरान मिर्चवारा और मसरौरा कलां के बीच पड़ौरिया बांध स्थित ढाबे के पास ललितपुर की ओर से आ रही बोलेरो (यू.पी.78 बी.ई.7346) के चालक जंगपाल ने वाहन को तेज व लापरवाही से चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे जिला अस्पताल ललितपुर में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर झांसी रेफर कर दिया गया। बाद में बेहतर इलाज के लिए उसे ग्वालियर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया।

## जिला प्रशासन की टीम ने तैयारियों का निरीक्षण किया

# 4 मार्च से सतोदय तीर्थ क्षेत्र सेरोंनजी में भव्य महामहोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जखौरा विकास खंड स्थित श्री शांतिनाथ सतोदय तीर्थ क्षेत्र सेरोंन जी में आगामी 4 से 8 मार्च तक आयोजित होने वाले भव्य महामहोत्सव की तैयारियां तेज हो गई हैं। आचार्य श्री विद्यासागर एवं आचार्य श्री समय सागर महाराज के आशीर्वाद से होने जा रहे इस आयोजन में श्री पंचकल्याणक प्रतिष्ठा समारोह, गजरथ महोत्सव एवं विश्वशांति महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। समारोह में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य अतिथि के रूप में संत मुनिश्री सुधासागर महाराज ससंघ का सानिध्य एवं आशीर्वाद प्राप्त होगा, जबकि प्रतिष्ठाचार्य के रूप में बाल ब्रह्मचारी प्रदीप भैया सुयश (अशोकनगर) का कुशल निर्देशन रहेगा।



### अधिकारियों ने लिया तैयारियों का जायजा

महोत्सव की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए जिला प्रशासन की टीम समारोह स्थल पहुंची। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश और पुलिस अधीक्षक मु. मुश्ताक के निर्देशन में एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, एएसपी कालू सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता इंजीनियर राजेश कुमार सहित कई अधिकारियों ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सबसे पहले भगवान शांतिनाथ जी के दर्शन किए और मंदिर की मूर्तिकला, शिल्पकला, प्राचीनता एवं भव्यता की सराहना की। इस अवसर पर सतोदय तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष सतीश जैन बंटी, कोषाध्यक्ष विजय जैन लागौन, मंत्री अजय जैन जखौरा, संजीव जैन (सीए), प्रचार मंत्री रवि जैन चुनगी, मुकेश जैन नेता, जितेन्द्र जैन मुच्छड़, पवन जैन बाबा, जयंत जैन जखौरा, राहुल जैन करलैया सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने अधिकारियों का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया।

### व्यवस्थाओं को लेकर कमेटी ने रखी मांग

कमेटी पदाधिकारियों ने अधिकारियों से महोत्सव के दौरान आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा, पेयजल, विद्युत, सड़क मरम्मत, यातायात प्रबंधन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की मांग रखी। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि शासन के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी और हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

### 25 फरवरी को संभावित मंगल आगमन

प्रचार मंत्री रवि जैन चुनगी ने बताया कि जगत पूज्य निर्यापक संत मुनि श्री सुधासागर महाराज ससंघ का सतोदय तीर्थ क्षेत्र में संभावित मंगल प्रवेश 25 फरवरी को हो सकता है। इसके स्वागत की तैयारियों में कमेटी सहित हजारों श्रद्धालु उत्साहपूर्वक जुटे हुए हैं।

## नरसिंहगढ़ महोत्सव की वाटर स्पोर्ट्स तक व्यापक कार्ययोजना तैयार

# मालवा के कश्मीर को पर्यटन की नई ऊंचाईयां देने की दिशा में बढ़े कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



मालवा के कश्मीर कहे जाने वाले शहर नरसिंहगढ़ में जल्दी ही व्यापक कार्ययोजना पर काम चालू किया जाएगा जिससे वहां पर पर्यटकों के लिए अच्छा माहौल दिया जा सके। पर्यटन गतिविधियों की समीक्षा बैठक कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, वनमंडलाधिकारी बैनी प्रसाद दौतानिया सहित संबंधित विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने आगामी महीनों में नरसिंहगढ़ महोत्सव आयोजित करने के निर्देश दिए। इसके लिए विस्तृत एवं समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए, ताकि आयोजन को भव्य एवं व्यवस्थित रूप दिया जा सके।

### जल्दी होगीं कैंपिंग, बोटिंग एवं जिप्सी भ्रमण की व्यवस्थाए विकसित

इसके साथ ही बैठक में चिड़ीखो अभयारण्य में कैंपिंग, बोटिंग एवं जिप्सी भ्रमण की व्यवस्थाओं को विकसित करने पर चर्चा की गई। पर्यटकों के लिए सुरक्षित एवं आकर्षक सुविधाएँ उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया। मोहनपुरा डैम के समीप कृषि धाम स्थापित करने तथा वहाँ मत्स्य पालन एवं पशुपालन गतिविधियाँ प्रारंभ कराने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही मोहनपुरा डैम में जल क्रीड़ाओं को बढ़ावा देने के लिए जल संसाधन विभाग को पत्राचार कर आवश्यक अनुमति प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया।जिला संग्रहालय को बड़े महल में स्थानांतरित कर राजगढ़ के इतिहास, संस्कृति एवं विरासत को व्यवस्थित रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए।

### हटाया जाएगा पर्यटन स्थलों से अतिक्रमण


*जिले के प्यटक स्थलों पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है , जिससे सारंगपुर के पर्यटन स्थलों पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि पर्यटकों को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित वातावरण मिल सके। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जिले की पर्यटन गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाए, जिससे अधिक से अधिक पर्यटक आकर्षित हो सकें।*

# जिला अस्पताल में किडनी रोगियों की डायलिसिस के लिए आई नई मशीनें

## 2 नई मशीन एवं 4 पुरानी मिलाकर कुल 6 से होगा इलाज

### एक मशीन प्रतिदिन मिलेगा 2 से 3 मरीजों को फायदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




दिनों दिन बढ़ती जा रही किडनी रोगियों की संख्या को देखते हुए जिला अस्पताल प्रबंधन नें कुछ समय पूर्व डायलिसिस मशीनों की मांग रखी थी जिसको न केवल स्वीकृती मिली बल्कि मशीनों को जिला अस्पताल पहुंचा दिया गया है। गुरूवार को 2 नई डायलिसिस मशीनें जिला अस्पताल पहुंची। अब कुल मिलाकर 6 डायलिसिस मशीन हो गई है जिससे किडनी रोगियों को और जल्दी सुविधा का मिल सकेगी। जिला अस्पताल की सूची में 31 किडनी मरीजों की सूची है जिनको लगातार डायलिसिस की आवश्यकता पडती है। भविष्य मे किडनी मरीजों की संख्या को ध्यान में रखकर सिविल सर्जन ने नई मशीनों की मांग की थी जो विभाग द्वारा पूरी कर दी गई है जिसका सीधा लाभ मरीजों को मिलेगा।

### एक दिन में 3 मरीजों का हो पाएगा डायलिसिस

एक मरीज का डायलिसिस करने में लगभग 4 घंटे लगते है तो कम से कम 2 और अधिक से अधिक 3 मरीजों का डायलिसिस प्रतिदिन किया जा सकता है। इससे जो मरीज समय के अभाव के कारण भोपाल या इंदौर जाते थे उन्हें भी राहत मिलेगी।

### आनंद धाम वृद्ध आश्रम गुना में समग्र कल्याण व योग शिविर आयोजित

**गुना।** मध्य प्रदेश शासन आयुष विभाग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर किशोर कुमार कान्याल के मार्गदर्शन में आयुष विभाग एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग जिला गुना द्वारा 19 एवं 20 फरवरी को आनंद धाम वृद्ध आश्रम गुना पर समग्र कल्याण शिविर एवं योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुष विभाग के चिकित्सकों द्वारा आश्रम में निवासरत तथा आस पास के ग्रामीण वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क आयुर्वेद, होम्योपैथ एवं यूनानी औषधि प्रदान की गई तथा उनकी ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर एवं हीमोग्लॉबिन की जांच भी की गई।

# कार खड़ी करने को लेकर खूनी संघर्ष, दोनों पक्षों पर मामला दर्ज




**सारंगपुर।** शहर के नयापुरा मोहल्ले में गुरुवार को एक ही समुदाय के दो पक्षों के बीच कार खड़ी करने की मामूली बात ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों ओर से जमकर पत्थरबाजी हुई, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना में कई लोग घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक पक्ष द्वारा प्लॉट पर कार खड़ी करने को लेकर आपत्ति जताई गई थी। इसी बात पर कहासुनी शुरू हुई, जो देखते ही देखते मारपीट और पत्थरबाजी में बदल गई। दोनों पक्षों के लोग आमने-सामने आ गए और एक-दूसरे पर पत्थर बरसाए। घटना के दौरान एक कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, लेकिन स्थिति बिगड़ती चली गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और हालात पर काबू पाया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया और क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है। अपराध क्रमांक 123द26 में फरियादी जाकिर खा की रिपोर्ट पर अनीस पिता चांद खा, अरबाज, अमीन, रईस एवं अरशद के खिलाफ धारा 296दए, 115द2, 351द3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। वहीं अपराध क्रमांक 125द26 में फरियादी अनीस पिता चांद खा की रिपोर्ट पर जाकिर, नशीर, जाहिद एवं शाकिर के विरुद्ध धारा 296दए, 115द2, 351द3, 324द5, 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले में थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने बताया कि मामले की जांच जारी है तथा दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।

## जिला प्रशासन ने की सराहना, प्रदान किया प्रशंसा पत्र

# शासकीय विद्यालय निर्माण में किया सहयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

समाज में शिक्षा के प्रति समर्पण और जनभागीदारी का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नरसिंहगढ़ क्षेत्र के ग्राम बाड़ी ग्राम पंचायत चैनपुरकलां में शासकीय प्राथमिक विद्यालय के निर्माण में निजी व्यय से विशेष सहयोग प्रदान किया गया। इस सराहनीय पहल पर कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा देवेंद्र सिंह राठौड़ को प्रशंसा-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि जब समाज के सजग नागरिक शिक्षा जैसे पवित्र कार्य में आगे आते हैं, तो विकास की गति कई गुना बढ़ जाती है। विद्यालय निर्माण में दिए गए सहयोग से विद्यार्थियों को बेहतर अधोसंरचना और सकारात्मक शैक्षणिक वातावरण प्राप्त होगा, जो उनके सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होगा।उन्होंने कहा कि शिक्षा ही सशक्त समाज की आधारशिला है। ऐसे प्रयास न केवल बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को दिशा देते हैं, बल्कि पूरे क्षेत्र में प्रेरणा का संचार करते हैं। यह पहल "सबका साथ, सबका विकास" की भावना को साकार करती है और जनभागीदारी आधारित विकास मॉडल को मजबूत करती है।

साथ ही विद्यालय परिवार एवं ग्रामवासियों ने भी इस योगदान के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहयोग से बच्चों को सुरक्षित, सुविधा जनक और प्रेरक शिक्षण वातावरण मिलेगा। जिला प्रशासन ने आशा व्यक्त की है कि समाज के अन्य नागरिक भी शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के क्षेत्रों में इसी प्रकार आगे आकर सहभागिता निभाएँगे, ताकि जिले को प्रगति की नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जा सके।



# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में किया मंत्रियों का पुतला दहन

**माचलपुर।** मध्यप्रदेश के मंत्रियों की गलतबायन बाजी और स्वास्थ विभाग में खांसी की गलत दवाई से होने वाली बच्चो की मौत इंदौर के दूषित पानी से होने वाली 35 मौत को लेकर जब विधानसभा में यह मुद्दा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने उठाया गया तो गलत शब्दो का उपयोग मध्य प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय महिलाओं को लेकर गलत बयानबाजी करने वाले मंत्री विजय शाह, स्वास्थ केंद्र गलत खांसी की दवाई से होने वाली बच्चो बड़ी संख्या मौत को लेकर स्वास्थ मंत्री राजेंद्र शुक्ल सभी मंत्रियों के इस्तीफे की मांग करते हुए सयुक्त रूप से उनका पुतला दहन नगर के पोलखेड़ा चैराहे पर किया गया जिसमे ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष यशवंत सिंह गुर्जर पोलखेड़ा, जिला पंचायत सदस्य यशवंत सिंह गुर्जर, बलवंत गुर्जर,दयाराम राठौर, भोलाराम दुबे,प्रकाश सोनी,राकेश बेरागी, संतराम पटेल पहलाद खंडेलवाल सहित बड़ी संख्या में काग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बेपरमिट व बीमा के चल रहे 5 ऑटो पर कार्रवाई, 2500 राजस्व वसूला




**सारंगपुर।** नगर में बिना परमिट, बीमा और फिटनेस प्रमाणपत्र के ऑटो संचालित किए जाने की शिकायतों के बीच पुलिस ने शुक्रवार को सख्त कार्रवाई की। थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा के नेतृत्व में बस स्टैंड क्षेत्र में विशेष जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान पांच ऑटो ऐसे पाए गए जो बिना वैध परमिट, बीमा और फिटनेस के संचालित हो रहे थे। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित ऑटो चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की और कुल 2500 का राजस्व वसूल किया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बिना बीमा के वाहन चलाने से दुर्घटना की स्थिति में यात्रियों को बीमा क्लेम नहीं मिल पाता, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसी उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया, ताकि यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा सके और आमजन की सुरक्षा बनी रहे। कार्यवाही के दौरान पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस की सख्ती को देखते हुए कई ऑटो चालक अपने वाहन लेकर मौके से हट गए, जिससे क्षेत्र में कुछ समय के लिए हड़कंप की स्थिति बन गई। थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि आगे भी इसी प्रकार नियमित रूप से जांच अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ऑटो चालकों से अपील की कि वे अपने वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखें और यातायात नियमों का पालन करें, ताकि किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

# मावठे की बारिश से किसानों की गेहूं फसल प्रभावित, मुआवजे की मांग



**सारंगपुर।** क्षेत्र में अचानक हुई मावठे की बारिश ने किसानों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। ग्राम एहसानपुरा, निहाल सहित आसपास के अधिकांश गांवों में गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। खेतों में तैयार खड़ी फसल बारिश और तेज हवा के कारण जमीन पर बिछ गई है, जिससे उत्पादन प्रभावित होने की संभावना बढ़ गई है। किसानों का कहना है कि इस समय गेहूं की फसल पकने की स्थिति में थी। ऐसे में असमय हुई बारिश ने दानों की गुणवत्ता पर भी असर डाला है। कई स्थानों पर फसल पूरी तरह लेट गई है, जिससे कटाई में भी अतिरिक्त खर्च और मेहनत बढ़ेगी। यदि मौसम साफ नहीं हुआ तो नुकसान और अधिक बढ़ सकता है। ग्रामीण किसान रमेश पटेल, मांगीलाल, देवीसिंह, रमेश मनोहर, लववंशी, बाबू, सुनील, केशर सिंह सहित अन्य किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे कराया जाए। उनका कहना है कि कृषि विभाग और राजस्व अमले को मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का आकलन करना चाहिए, ताकि किसानों को समय पर मुआवजा सहायता मिल सके। किसानों ने बताया कि पहले ही खेती की लागत बढ़ चुकी है। बीज, खाद और सिंचाई पर अधिक खर्च होने के बाद यदि फसल खराब होती है तो आर्थिक संकट गहरा जाएगा। किसानों ने शासन-प्रशासन से शीघ्र राहत प्रदान करने की मांग की है, जिससे उन्हें आर्थिक सहारा मिल सके और अगली फसल की तैयारी में मदद मिल पाए।

## 17 से 20 फरवरी तक राजगढ़ में हुआ सफल आयोजन

# जनगणना 2027 के प्रथम चरण में चार दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**ब्यावरा।** भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित जनगणना 2027 के प्रथम चरण की तैयारियों के अंतर्गत जिले में 17 फरवरी से 20 फरवरी, 2026 तक चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित, त्रुटिरहित एवं समयबद्ध रूप से संपादित करना रहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिलीप साहू एवं श्रीमती श्रुति पाटीदार द्वारा प्रतिभागियों को विस्तृत एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।


प्रशिक्षण के दौरान जनगणना कार्य की संपूर्ण प्रक्रिया, प्रपत्रों के संधारण, मोबाइल एप्लीकेशन के उपयोग, हाउस लिस्टिंग तथा अन्य तकनीकी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को फील्ड स्तर पर आने वाली संभावित चुनौतियों एवं उनके समाधान से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त चार्ज अधिकारी, अनुविभागीय चार्ज अधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार, नगरीय



क्षेत्र हेतु आयोजित सत्र में सभी मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं प्रभारी पी.ओ. डूडा भी शामिल हुए।

इस अवसर पर कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा तथा अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी कमल किशोर राज की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को जनगणना कार्य को गंभीरता, शुद्धता एवं समयबद्धता के साथ संपन्न करने के निर्देश दिए तथा इसे राष्ट्रीय महत्व का दायित्व बताते हुए पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य करने का आह्वान किया।

# उत्कृष्ट विद्यालय में जाति व जन्म प्रमाण पत्र बनाए



**सारंगपुर।** कलेक्टर के निर्देश एवं एसडीएम के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सारंगपुर ब्लॉक के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए आठ संकुल केंद्रों पर आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र एवं समग्र आईडी बनाने हेतु विशेष शिविर लगाए गए।

इसी कड़ी में उत्कृष्ट विद्यालय सारंगपुर में भी शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान प्राचार्य पूजा विजयवर्गीय की मौजूदगी में कस्बा पटवारी शहजाद मंसूरी द्वारा जाति प्रमाण पत्र के 27 आवेदन प्राप्त किए गए, जबकि जन्म प्रमाण पत्र के लिए 9 आवेदन लिए गए।

विद्यार्थियों ने आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रस्तुत कर प्रक्रिया पूरी की। प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस प्रकार के शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि समय पर दस्तावेज उपलब्ध हो सकें।

## कृषक कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में

# कृषि विज्ञान मेला 23 से 25 तक चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

कृषकों की आय वृद्धि, उन्नत तकनीकों के प्रसार और नवाचार आधारित खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषक कल्याण वर्ष 2026 के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला का आयोजन 23, 24 एवं 25 फरवरी 2026 को मोहनपुरा कृषि धाम (मोहनपुरा डेम के समीप), राजगढ़ में किया जाएगा।

उप संचालक सह परियोजना संचालक "आत्मा", किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह कृषि मेला मध्यप्रदेश राज्य मिलेट मिशन, नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल तिलहन तथा आत्मा योजना के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। मेले में उन्नत बीज, नवीन कृषि यंत्र, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मिलेट्स (श्री अन्न) उत्पादन, तिलहन फसलों की उन्नत तकनीक, उद्यानिकी फसल प्रबंधन, पशुपालन, मत्स्य पालन एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी कृषकों को प्रदान की जाएगी। साथ ही



प्रगतिशील किसानों, कृषि वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन एवं संवाद सत्र आयोजित किए जाएंगे।

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि मेले में आने वाले कृषकों को सभी योजनाओं की समुचित जानकारी, तकनीकी परामर्श एवं आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि कृषि विज्ञान मेला किसानों के लिए नई तकनीकों को समझने, उत्पादन लागत कम करने तथा आय में वृद्धि के अवसरों को जानने का सशक्त मंच सिद्ध होगा। जिले के समस्त कृषकों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में कृषि विज्ञान मेले में सहभागी होकर आधुनिक कृषि तकनीकों एवं शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करें।

# मौसम ने बदला मिजाज, लोगों को लेना पड़ा अलाव का सहारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

गुरुवार शाम को अचानक बदले मौसम और शुक्रवार सुबह लगभग 9 बजे हुई बारिश ने क्षेत्र में एक बार फिर ठंड का एहसास करा दिया। जहां एक ओर लोग ग्रीष्म ऋतु की तैयारी में जुट गए थे और गर्म कपड़ों को समेटने लगे थे, वहीं मौसम के अप्रत्याशित बदलाव ने सभी को चैंका दिया। बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं ने तापमान में गिरावट ला दी, जिससे सुबह और रात के समय ठिठुरन बढ़ गई। नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग दिनभर गर्म कपड़ों में नजर आए। प्रमुख चैराहों, बाजारों और ग्रामीण चैपालों पर सुबह से लेकर देर रात तक अलाव जलते रहे। ठंड से बचने के लिए बुजुर्ग, महिलाएं और युवा अलाव के आसपास बैठकर गर्मी लेते दिखाई दिए। अचानक बढ़ी सर्दी से दैनिक कामकाज पर भी असर पड़ा और लोग आवश्यक कार्यों के बाद जल्द ही घरों की ओर लौटते नजर आए।